राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/1254/2024 दिनांकः—18 जून 2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21 जून, 2024) एवं योग सप्ताह—2024 (15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 तक) के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या—1385/सत्तर—3—2024 दिनांक 14.06.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें (छायाप्रति संलग्न)।

उपर्युक्त सन्दर्भ में अवगत कराना है कि शासन के संलग्न पत्र दिनांक 14.06.2024 में अंकित प्रस्तर संख्या—01 से 06 में दिये गये कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर प्रभावी ढ़ग से किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक—यथोपरि।

भवदीय,
18/6
डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा/अलीगढ़ परिक्षेत्र।
3. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिंन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित, कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

18.06.24
उप कुलसचिव

महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या-1385 /सत्तर-3-2024

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उ0प्र0।

3. विशेष कार्याधिकारी,
राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 15 जून, 2024

विषय : दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21 जून, 2024) एवं योग सप्ताह-2024 (15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 तक) के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21 जून, 2024) एवं योग सप्ताह-2024 (15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 तक) पर विभाग द्वारा निम्नवत् कार्यक्रम किया जाना अपेक्षित है :-

(1) दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 के अवसर पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों मे सामूहिक योगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

(2) योग सप्ताह एवं योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एवं वृहद स्तर पर जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित कराये जाने हेतु होर्डिंग, बैनर व अन्य सोशल मीडिया नेटवर्कों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाना।

(3) एन0सी0सी0, एन0एस0एस0 व अन्य को योग ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित करते हुये सामूहिक आयोजन में इनकी सहभागिता सुनिश्चित किया जाना है।

(4) दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 एवं योग सप्ताह-2024 (15 जून, 2024 से 21 जून, 2024 तक) के अवसर पर विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में योग के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों यथा-भाषण, निबन्ध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

(5) विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों मानसिक विकारों के प्रबन्धन में योग की भूमिका विषयक कार्यशाला एवं योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

(6) विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आधुनिक जीवन शैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव के यौगिक संसाधनों की कार्यशाला/सेमिनार।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में उल्लिखित बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए उसकी अनुपालन आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।